# भारत तिब्बत सहयोग मंच

**कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रियों के लिए अभिलंब स्नान कराने की व्यवस्था हो - पंकज गोयल**

नई दिल्ली, 28 मई। तिब्बत स्थित कैलाश मानसरोवर, जो कि चीन के अधीन है, यात्रा पर गए हुए भारत और अन्य देशों से लगभग 5000 हिंदू तीर्थ यात्रियों के साथ चीनी सरकार के आदेश पर चीनी सैनिकों के द्वारा किए गए अमानवीय व्यवहार और उनको परिक्रमा के बाद स्नान ना करने देने पर भारत तिब्बत सहयोग मंच के महामंत्री श्रीमान पंकज गोयल जी ने इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भारत सरकार से मांग किया है कि भारत सरकार तत्काल प्रभाव से चीन सरकार से बात करें और यात्रियों को अभिलंब स्नान करने की व्यवस्था कराएं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। चीनी सामान पर प्रतिबंध लगाएं। नहीं तो भारत तिब्बत सहयोग मंच देशभर में प्रदर्शन करेगा उन्होंने आगे कहा कि आज कैलाश मानसरोवर में चीन सरकार के आदेश के कारण कैलाश मानसरोवर की परिक्रमा के बाद स्नान करने की जो प्रथा है उसको सैनिकों ने मना कर दिया इससे संपूर्ण विश्व के हिंदुओं में बड़ा रोष है। यह हिंदुओं की आस्था पर बहुत बड़ा कुठाराघात है। एक तीर्थयात्री जीवन में एक बार लाखों रुपए खर्च करके बड़ी मुश्किल से कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर पाता है और अगर वहां जाकर उसकी आस्था के अनुसार अगर वह स्नान ना कर सके इससे दुख की बात और क्या हो सकती है। सरकार मामले को संज्ञान में लें।

दिनांक : 28 मई 2018

**विवेक मिश्र**
राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख
भारत तिब्बत सहयोग मंच
Mob Ile No: 8851509454
Ema Il: btsm.delh I@gma Il.com